धर्म-कर्म | कोतमा में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह


# धूमधाम से निकली भगवान शिव की बारात



**कोतमा, ,नवभारत, 16 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विद्युत ऑफिस बस स्टैंड, कोतमा के सामने स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 15 फरवरी को शिव अभिषेक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम 6 बजे भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें नगर के पुरुष-महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। भगवान शिव की बारात शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर जखीरा चौक, गांधी चौक और बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

नगरवासियों ने जगह-जगह फूल-मालाओं और आरती से बारात का स्वागत किया। इसके बाद बस स्टैंड कोतमा में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी सराहनीय रही।

## गुरुदेव देव प्रभाकर शास्त्री के नाम स्मारक डाक टिकट जारी



महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर गुरुदेव देव प्रभाकर शास्त्री (दद्दा जी) के सम्मान में भारतीय डाक विभाग द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी किया गया है। यह जानकारी दद्दा जी शिष्य मंडल के संयोजक संतोष अग्रवाल एडवोकेट ने दी। उन्होंने बताया कि यह विशेष डाक टिकट गुरुदेव के आध्यात्मिक योगदान, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा समाजहित में किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देने का प्रतीक है। महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर टिकट जारी किए जाने को उनकी शिवभक्ति, तप और त्याग को समर्पित महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस निर्णय से उनके अनुयायियों और श्रद्धालुओं में हर्ष का वातावरण है। भक्तों का कहना है कि गुरुदेव के मार्गदर्शन में समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का व्यापक संवर्धन हुआ, जिसे अब राष्ट्रीय पहचान मिली है। श्रद्धालुओं ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए भारतीय डाक विभाग के इस निर्णय का स्वागत किया है।




# वैदिक मंत्रों के बीच परिणय सूत्र में बंधे 200 जोड़े

**जैतहरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह**

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ सामूहिक विवाह**

**हितग्राहियों को 49 हजार की सहायता राशि वितरित**




**अनूपपुर,नवभारत, 16 फरवरी।** जनपद जैतहरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ 200 जोडे परिणय सूत्र में बंधे। पूरे आयोजन में उत्सव और गरिमा का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर, निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ऐसी ही एक महत्वपूर्ण योजना है, जो गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण जो परिवार अपनी बेटियों का विवाह धूमधाम से नहीं कर पाते, उनके लिए यह योजना बड़ा सहारा बनकर सामने आई है।

उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफल गृहस्थ जीवन के लिए आपसी सम्मान, समझदारी और सामंजस्य बेहद जरूरी है। छोटी-छोटी बातों को लेकर मनमुटाव से बचते हुए दंपत्तियों को मिलकर जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण कड़ी है और समाज तथा परिवार की आधारशिला है। सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान माना जाता है और ऐसे आयोजनों से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलती है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ विवाह

समारोह में वैदिक आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन के साथ सभी जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। समारोह स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। बैंड-बाजे, पारंपरिक वेशभूषा और भव्य बारात ने पूरे आयोजन को उत्सव में बदल दिया।

### सहायता राशि के चेक वितरित

कार्यक्रम के दौरान योजना के अंतर्गत प्रतीकात्मक रूप से हितग्राहियों को 49 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। हितग्राहियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे गरीब परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल बताया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रही। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा कोयलांचल, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शिव लहरा धाम में दो दिवसीय मेले का शुभारंभ, भजन-कीर्तन और भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद**



**भालूमाडा/जमुना,नवभारत, 16 फरवरी।** कॉलोनी देवों के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि पूरे कोयलांचल क्षेत्र में अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया क्षेत्र के सभी शिवालयों में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और भक्तों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक तथा बेलपत्र अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया भालूमाडा के केवई नदी तट स्थित पवित्र शिव लहरा धाम में दो दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ, जहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। वहीं जमुना कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भक्त शिव भक्ति में लीन होकर रातभर भगवान शंकर की महिमा का गुणगान करते रहे शिव मंदिर कोऑपरेटिव से भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें शिवभक्तों ने नृत्य करते हुए भगवान भोलेनाथ की बारात का स्वागत किया। वार्ड क्रमांक 3 सहित पूरे क्षेत्र में दिनभर शिव आराधना और धार्मिक कार्यक्रमों का वातावरण बना रहा

महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर भालूमाडा के गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो श्रद्धा और सेवा का अद्भुत उदाहरण बना इस आयोजन में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता अरविंद मिश्रा उर्फ महाकाल भक्त, रुना सिंह, सोनू सिंह, इंद्रपाल पांडे, रवि करण केवट, विक्की सिंह, शिव साहू सहित अन्य शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर भंडारे में अपनी सेवा अर्पित की हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया उल्लेखनीय है कि गोल बाजार हनुमान मंदिर में पिछले 115 मंगलवार से लगातार हनुमान चालीसा पाठ और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और सेवा की अनवरत धारा प्रवाहित हो रही है।

### आराधना से समस्त कष्टों का होता है नाश

महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व एक बार फिर श्रद्धालुओं के हृदय में यह संदेश दे गया कि भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर उनके जीवन को सुख, शांति और समृद्धि से भर देते हैं शिव की कृपा से ही सृष्टि का संचालन होता है और उनकी आराधना से समस्त कष्टों का नाश होता है। पूरे कोयलांचल क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम उदाहरण बनकर सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया हर-हर महादेव!



# चोरी की मिट्टी से रखी जा रही रेलवे प्लेटफार्म की बुनियाद

**सफेदपोश नेता का मिट्टी की दलाली का पुराना इतिहास**

**शासन को हो रहा लाखों की रायल्टी का नुकसान**

**जमुना कोतमा,नवभारत, 16 फरवरी।** अनूपपुर बिलासपुर जोन अंतर्गत कटनी बिलासपुर के मध्य रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से कई रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में अमलाई रेलवे स्टेशन मे भी प्लेटफार्म नंबर दो एवं तीन की ऊंचाई को बढ़ाना, साज-सज्जा, लाइटिंग, नवीन भवन, शुद्ध पेयजल इत्यादि शामिल है, किंतु भारतीय रेल की ईमानदार छवि को धूमिल करते हुए जीणोद्धार का कार्य कर रहे ठेकेदार संजय यादव द्वारा प्लेटफार्म की नीव ही चोरी की मिट्टी से भरी जा रही है, जो न सिर्फ रेल प्रशासन की साख पर बट्टा लगाने के लिए ना काफी है, बल्कि खनिज विभाग को मिलने वाले राजस्व पर भी सरेआम डाका मरने जैसा है। मिट्टी चोरी के इस खेल में एक बार फिर से देवहरा का एक तथा कथित स्थानीय सफेद पोश नेता की दलाली मे सक्रियता देखने को मिल रही है।

### डिस्प्ले से अलग है पिक्चर

चोरी की मिट्टी खपा कर दलाली खा रहे तथाकथित स्थानीय सफेद पोश नेता ने शहडोल एवं अनूपपुर जिले में पूरा का पूरा नेटवर्क स्थापित किया हुआ है। पूर्व में भी अमलाई स्टेशन के गुड्स मरम्मत कार्य मे लगने वाली मिट्टी को खपाने का कार्य बड़ी मात्रा में नेता द्वारा किया गया था, लेकिन इस बार सिंडिकेट के एक नए चेहरे को काम की जिम्मदारी सौंपी गई है। सूत्रों की माने तो कटकोना के बारगाही एंड कंपनी द्वारा लगभग 1200 हाईवा ट्रक अवैध मिट्टी अमलाई स्टेशन में खपाने का काम अवैध तरीके से कर रहा है।

### दो विभागों को चूना लगा रहा है मास्टरमाइंड

मिट्टी की दलाली के इस पूरे खेल का तथाकथित मास्टरमाइंड फॉरेस्ट तथा खनिज दोनों विभागों को चूना लगाकर दोहरा लाभ उठा रहा है, एक ओर जंगल विभाग की लीज पर संचालित अमलाई ओपन कास्ट से बिना किसी परमिशन के लगभग 1200 गाडी मिट्टी ढोने का अनुमान बताया जा रहा है, वहीं दूसरी और अवैध मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन से खनिज विभाग को मिलने वाली लाखों रुपए की रॉयल्टी लगभग ?400 प्रत्येक गाड़ी के हिसाब से 1200 गाड़ियों की लाखों रुपए राजस्व के चूना दलाल द्वारा लगाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि अमलाई ओपन कास्ट में ओवर बर्डन हटाने का कार्य कर रही आर केटीसी कंपनी में नेता की नियुक्ति लोकल लाइजनिंग अर्थात लेनदेन कर मामला सेटलमेंट करने के लिए की गई है।

### 200 की दलाई में मस्त हुए नेता

रेलवे ठेकेदार को 1200 गाड़ी मिट्टी देने के एवज में प्रत्येक गाड़ी ?900 के हिसाब से दलाल ने सौदा किया गया था, लेकिन फिर इस काम को कटकोना निवासी बारगाही को रू. 700 प्रत्येक गाड़ी में पलटी कर रू. 200 के लाभ में नेता मस्त है।

### दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा ठेकेदार

रेलवे प्लेटफॉर्म में मिट्टी फीलिंग के कार्य पर घोर लापरवाही देखने को मिल रही है, जिसमें ठेकेदार द्वारा मैनुअल तरीके से कार्य ना करते हुए मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है, अति संवेदनशील एवं प्रवेश निषेध की जगह पर ट्रैक्टर वाहन एवं जेसीबी मशीन का विद्युत लाइन के नीचे उपयोग मिट्टी फीलिंग के लिए किया जाना निश्चित तौर पर किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करना है। 24 घंटे निरंतर दौड़ती व्यस्ततम रेल पटरी पर बिना परमिशन गाड़ियों की आवाजाही ठेकेदार की मनमानी दर्शाती है।

### बरगवां हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन आज

**अनूपपुर,नवभारत, 16 फरवरी।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव एवं उनकी पत्नी शिक्षिका एस. स्वाति राव द्वारा मंगलवार को बरगवां स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान कथा (पूजा) एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बताया गया कि लक्ष्मण राव दंपति कई वर्षों से मंगलवार हनुमान व्रत करते आ रहे हैं। इसी व्रत के उद्यापन के अवसर पर यह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में हनुमान कथा, पूजन एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। लक्ष्मण राव ने सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हनुमान कथा का पुण्य लाभ लें और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। यह कार्यक्रम आज 17 फरवरी को बरगवां हनुमान मंदिर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया है।






## रेलवे मजदूर कांग्रेस ने उठाईं रेलकर्मियों की समस्याएं

**अनूपपुर,नवभारत, 16 फरवरी।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा नव पदस्थ सहायक मंडल अभियंता शहडोल ब्रजेशनाथ पांडेय के शाखा कार्यालय आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर रेल कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनके शीघ्र निराकरण की मांग उठाई गई। बैठक में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाखा सचिव जयंतोदास गुप्ता ने ब्रांच काउंसिल मेंबर व्ही.आर. मूर्ति, अज़हर नियाज़, मुकेश यदुवंशी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ सहायक मंडल अभियंता को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक-2 के भाजपा पार्षद संजय चौधरी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश पाण्डेय भी मौजूद रहे।

शाखा सचिव ने बुढ़ार, अमलाई एवं अनूपपुर रेलवे कॉलोनियों में नाली, सड़क, चैन-लिंक बाउंड्री वॉल तथा आवासों की मरम्मत जैसे कार्यों के लिए संयुक्त सर्वे कराए जाने की मांग करते हुए लिखित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में रेल कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।

# भोले की बारात में उमड़ा जनसैलाब

**भक्ति के रंग में रंगा कोतमा**



**कोतमा,नवभारत, 16 फरवरी।** हर-हर महादेव' और 'जय शिव शंभू' के जयघोष से आज कोतमा की गलियां शिवमय हो गईं। स्थानीय बस स्टैंड स्थित प्राचीन श्री गौरी शंकर मंदिर प्रांगण से भगवान शिव की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गई। इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए समूचे क्षेत्र से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

### अनूठा रहा बारात का स्वरूप

श्री गौरी शंकर मंदिर से शुरू हुई इस शिव बारात में शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। बारात में परंपरागत वाद्य यंत्रों, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर भक्त झूमते नजर आए। बारात का मुख्य आकर्षण भगवान शिव का स्वरूप और उनके साथ चलने वाली 'भूत-पिशाच' की टोली रही, जिसने शिव पुराण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया।

### पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

बस स्टैंड से शुरू होकर बारात नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार और शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी।

### भक्ति और सुरक्षा का संगम

श्रद्धा के इस महापर्व पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम देखे गए। पुलिस बल और स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था को संभाला ताकि बारात के दौरान आम जनता को असुविधा न हो। श्रद्धालुओं का कहना है: 'श्री गौरी शंकर मंदिर की यह परंपरा वर्षों पुरानी है और हर साल शिव बारात का स्वरूप और भव्य होता जा रहा है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे कोतमा की आस्था का प्रतीक है।'

निरीक्षण | डीआरएम की फटकार का असर, युद्ध स्तर पर जारी है सुधार कार्य

# कोतमा रेलवे स्टेशन और कॉलोनी की बदलने लगी सूरत

**कोतमा,नवभारत, 16 फरवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (ष्ठक्रू) राकेश रंजन द्वारा हाल ही में किए गए औचक निरीक्षण का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन और रेलवे कॉलोनी में पसरी अव्यवस्थाओं को देखकर डीआरएम ने कड़ी नाराजगी जताई थी और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी। इस सख्ती के बाद अब रेलवे प्रबंधन हरकत में आ गया है और यात्री सुविधाओं सहित कॉलोनी की साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।



### इन कमियों पर बरसे थे डीआरएम

निरीक्षण के दौरान डीआरएम राकेश रंजन ने पाया था कि: स्टेशन परिसर में नालियां खुली हुई थीं, जो दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही थीं। प्लेटफॉर्म पर कुर्सियां टूटी हुई थीं और पेयजल की व्यवस्था ठप पड़ी थी। रेलवे कॉलोनी में कचरे के ढेर लगे थे, जिससे स्थानीय निवासी दुर्गंध और गंदगी से परेशान थे। इन खामियों को देखते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं (पानी, बैठक व्यवस्था) के मामले में कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सुधार कार्य में आई तेजी

डीआरएम के कड़े रुख के बाद अब मौके पर निम्नलिखित बदलाव नजर आने लगे हैं: नालियों की सफाई और स्लैब: स्टेशन के भीतर खुली नालियों की सफाई कराकर उन्हें कंक्रीट के स्लैब से ढका जा रहा है। कॉलोनी का कायाकल्प: कॉलोनी परिसर में लंबे समय से डंप कचरे को हटा दिया गया है। भविष्य में गंदगी न हो, इसके लिए परिसर को जाली लगाकर सुरक्षित किया जा रहा है। पार्क की योजना: बच्चों के मनोरंजन के लिए खाली पड़ी भूमि पर पार्क विकसित करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। यात्री सुविधाएं: प्लेटफॉर्म पर टूटी कुर्सियों की मरम्मत और पेयजल आपूर्ति को बहाल करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

### आम जन और यात्रियों में हर्ष

रेलवे प्रशासन की इस सक्रियता से यात्रियों में खुशी का माहौल है। वहीं, रेलवे कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मियों और उनके परिवारों ने भी राहत की सांस ली है। गंदगी और दुर्गंध से निजात मिलने के साथ-साथ बेहतर वातावरण की उम्मीद जगने से प्रबंधन के इस कदम की सराहना की जा रही है।

### बघर्रा में लगी आग पर पाया गया काबू

**अनूपपुर,नवभारत, 16 फरवरी।** 14 फरवरी को शाम करीब 5 बजे थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बघर्रा में एक मकान में आग लग गई है तथा परिवार के सदस्य घर के भीतर फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके के लिए रवाना हुये। पुलिस टीम जब घटनास्थल पर महावीर मरावी के घर पहुंची तो मकान में आग लगी हुई थी और चारों ओर धुआं फैल रहा था। घर के आंगन में फंसी महिलाओं और बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने कुएं से पानी खींचकर बाल्टियों के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत और सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने और बचाव कार्य में थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम के सहायक उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश बेक, अवधलाल अहिरवार, आरक्षक मोती सिंह, प्रवीण अचाले तथा डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।